आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 02.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- भारत की पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त, 2027 को मुंबई और अहमदाबाद के बीच शुरू होगी।
- बीस सूत्रीय कार्यक्रम में नैनीताल जिले की ऐतिहासिक छलांग, 13वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा।
- पौड़ी जिले के खंडाह में 'अफसर बिटिया कार्यक्रम' का आयोजन। बालिकाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरुक करना कार्यक्रम का उद्देश्य।
- 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत उत्तरकाशी जिले की न्याय पंचायत खालसी में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया।

बुलेट ट्रेन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को शुरू होने की संभावना है। श्री वैष्णव ने कहा कि यह बुलेट ट्रेन अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलेगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले इसका सूरत से बिलिमोरा तक और फिर वापी से सूरत तक का खण्ड शुरू होगा।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम

वित्तीय वर्ष 2025–26 की तीसरी तिमाही की प्रगति रिपोर्ट में बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत नैनीताल जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेश स्तर पर 13वें स्थान से सीधे तीसरे स्थान की ऐतिहासिक छलांग लगायी है। दूसरी तिमाही में जिले की स्थिति कमजोर रहने पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गंभीर चिंता जताते हुए कार्यक्रम से जुड़े विभागों की नियमित समीक्षा की और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने नियोजन विभाग उत्तराखंड से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बताया कि प्रभावी निगरानी और बेहतर कार्य निष्पादन के परिणामस्वरूप जिले की रैंकिंग में बड़ा सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य और वन सहित छह विभागों तथा जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का प्रदर्शन अभी भी बी श्रेणी में रहा है, जबकि शेष विभाग ए श्रेणी में आ गये हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य के लिये भी सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वर्तमान तिमाही में लक्ष्यों की शत–प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि आगामी मूल्यांकन में जिले की स्थिति और मजबूत हो सके।

निःशुल्क कोचिंग

अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र–छात्राओं को सिविल सेवा परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके तहत समाज कल्याण विभाग और हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित सिंह दुबड़िया ने बताया कि समझौते के तहत विद्यार्थियों को डॉ. आंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से सिविल सर्विसेज की निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रदान की जाएगी, जिससे पर्वतीय व ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यधारा की प्रतियोगी परीक्षाओं से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग का उद्देश्य केवल छात्रवृत्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना भी है।

यातायात व्यवस्था

चम्पावत जिले के लोहाघाट में यातायात व्यवस्था को लेकर चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। नगर पालिका सभागार में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की अध्यक्षता में व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और पुलिस–प्रशासन के साथ आयोजित बैठक में वन–वे व्यवस्था पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोहाघाट में यातायात के दृष्टिगत 18 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक 14 दिन का ट्रायल किया गया था। इस दौरान ट्रायल को लेकर लोगों से फीडबैक भी लिया गया। उन्होंने बताया कि लोगों से मिले सुझावों के बाद जल्द ही वन–वे ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गाइडलाइन जारी की जाएगी। साथ ही ट्रांसपोर्टरों के लिए अलग से योजना तैयार की जाएगी।

वैंडिंग काउंटर

देहरादून में सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को नगर निगम की ओर से दून विहार, जाखन में स्थित वैंडिंग जोन में काउंटर वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में निगम के महापौर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामि बंसल ने 24 पथ विक्रेताओं को वैंडिंग को काउंटर वितरित किए। इनमें अनारक्षित 23 काउंटरों में से 20 फेरी पथ विक्रेताओं को और विकलांग कोटे के अंतर्गत आरक्षित 10 काउंटरों में से 4 विकलांग पथ विक्रेताओं को काउंटर आवंटित किए गए। इससे इन छोटे दुकानदारों को वैंडिंग जोन में अपने व्यापार के लिए स्थायी स्थान मिला है।

अफसर बिटिया कार्यक्रम

पौड़ी जिले में शहीद कुलदीप राजकीय इंटर कॉलेज, खंडाह में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 'अफसर बिटिया कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरुक करना था। इस अवसर पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी रीना बिंदोला ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य

विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने–अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के लिए पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया गया।

बहुउद्देशीय शिविर

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार, प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत उत्तरकाशी जिले की न्याय पंचायत खालसी में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया गया और विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से पात्र लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में आयुष विभाग की ओर से लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाई वितरित की गईं।

कार्यशाला

रुद्रप्रयाग जिले के मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में लघु सिंचाई विभाग की ओर से जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बताया गया कि स्प्रिंग संगणना का उद्देश्य जिले में लघु, मध्यम व वृहद सिंचाई संरचनाओं, विभिन्न जल निकायों, प्राकृतिक जल स्रोतों का सटीक, अद्यतन और विश्वसनीय डेटा तैयार किया जाना है। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर राहुल कुमार शर्मा ने डेटा संकलन की पद्धति, जल निकायों के वर्गीकरण और जल स्रोतों की पहचान सहित फील्ड सर्वे की गुणवत्ता बनाए रखने से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। इसके अलवा उन्होंने भौगोलिक स्थिति अंकित करने तथा ऑनलाइन पोर्टल व मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा प्रविष्टि की जानकारी भी दी।

लघु सिंचाई के अधिशासी अभियंता मोहन लाल आर्य ने कहा कि संगणना कार्य शासन की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिससे जिले में उपलब्ध जल संसाधनों की वास्तविक स्थिति सामने आती है।